संख्या:41/2018/3112/12-2-2018-बजट.1/2009

प्रेषक,

उमा कान्त पाठक,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

कृषि निदेशक,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कृषि अनुभाग-2 लखनऊ: दिनांक: 12 अक्टूबर, 2018

विषय: वित्तीय वर्ष 2018-19 हेतु विभिन्न पारिस्थितिकीय संसाधनों द्वारा कीट/रोग नियंत्रण योजनान्तर्गत प्राविधानित धनराशि की अवशेष वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या: 2204/कृ0र0/छ-1/की0रो0नि0यो0/ 2018-19 दिनांक 24 सितम्बर, 2018 एवं शासनादेश संख्या: 15/2018/1236/12-2-2018-बजट.1/ 2009 दिनांक 01 मई, 2018 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2018-19 के अनुदान संख्या-11 के लेखाशीर्षक 2401-फसल कृषि कर्म-107-वनस्पति संरक्षण-04-विभिन्न पारिस्थितिकीय संसाधनों द्वारा कीट/रोग नियंत्रण योजना के अन्तर्गत प्राविधानित धनराशि रूपये 2064.00 लाख के सापेक्ष अवशेष रूपये 1032.00 लाख (रूपये दस करोड बत्तीस लाख मात्र) की धनराशि आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2. धनराशियों का निस्तारण जहॉ आवश्यक हो, क्षेत्रीय कार्यालयों के क्षेत्रीय अधिकारियों की मांग के अनुसार उन्हे अपेक्षित धनराशि आपके स्तर से नियमानुसार उपलब्ध करायी जायेगी। इस प्रकार जारी वित्तीय स्वीकृतियों के अन्तर्गत कोषागार से धन का आहरण विद्यमान व्यवस्था के अनुसार व्यय की आवयकता होने पर ही किया जायेगा।

3. यह भी सुनिश्चित किया जाये कि प्रश्नगत कार्य किसी अन्य योजना से स्वीकृत नहीं हुआ/हो रहा है। उक्त स्वीकृत धनराशि का उपयोग किसी भिन्न प्रयोजन के लिए किसी भी दशा में नहीं किया जायेगा।

4. शासकीय व्यय में मितव्ययिता नितान्त आवश्यक है। व्यय प्रबंधन एवं शासकीय व्यय में मितव्ययिता के सम्बन्ध में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों का विशेष रूप से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ-साथ राजकीय धन व्यय करने में उत्तर प्रदेश बजट मैनुअल के प्रस्तर-12 में दी गयी शर्तो की पूर्ति तथा वित्तीय औचित्य के मानकों (स्टैण्डर्डस आफ फाईनेन्शियल प्रोपाइटी) का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाये।

5. यह स्पष्ट किया जाता है कि धनराशि का प्रदेशन (एलाटमेंट) मात्र किसी प्रकार के व्यय करने का प्राधिकार नहीं देता है। व्यय करने के पूर्व यदि आवश्यक हो तो सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाये।

6. व्यय से संबंधित समस्त विवरण विभागीय वेबसाइट पर डाली जायेगी।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

7. कृषि रक्षा यंत्रों पर देय अनुदान के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या: 820/12-2-2015-61/2012 दिनांक 31 मार्च, 2015 एवं शासनादेश संख्या: 3544/12-2-2012 दिनांक 05 नवम्बर, 2012 तथा शासनादेश संख्या: 4/2018/525/12-2-2018-बजट.1/2009 दिनांक 6 मार्च, 2018 में दिये गये निर्देशों का अक्षरश: पालन किया जायेगा।

8. तत्संबंधी व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2018-19 के अनुदान संख्या-11 के लेखाशीर्षक 2401-फसल कृषि कर्म-107-वनस्पति संरक्षण-04-विभिन्न पारिस्थितिकीय संसाधनों द्वारा कीट/रोग नियंत्रण योजना के अन्तर्गत सुसंगत प्राथमिक इकाईयों के नामें डाला जायेगा।

9. यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1, उत्तर प्रदेश शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या: 1/2018/बी-1-375/दस-2018-231/2018 दिनांक 30 मार्च, 2018 में विहित व्यवस्था का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। उक्त शासनादेश सभी विभागाध्यक्षों को भी पृष्ठांकित की गयी है।

संलग्नक: यथोपरि।

भवदीय,

(उमा कान्त पाठक)
संयुक्त सचिव।

संख्या:41/2018/3112(1)/12-2-2018 तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)-प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2. प्रधान महालेखाकार (सिविल आडिट)-प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
3. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
4. वित्त नियंत्रक, कृषि भवन, लखनऊ/संबंधित वरिष्ठ कोषाधिकारी द्वारा कृषि निदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
5. अपर कृषि निदेशक, (कृषि रक्षा), उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
6. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन द्वारा कृषि निदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
7. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-1/बजट अनुभाग-1/2/कृषि अनुभाग-5/नियोजन अनुभाग-3
8. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(उमा कान्त पाठक)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश संख्या:41/2018/3112/12-2-2018-बजट.1/2018 दिनांक 12 अक्टूबर, 2018

<u>का संलग्नक</u>

क्र0सं0	विषय	विवरण
1	योजना का नाम	2401-विभिन्न पारिस्थितिकीय संसाधनों द्वारा कीट/रोग नियंत्रण योजना
2	वित्त पोषण	उत्तर प्रदेश
3	योजना के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो का विवरण संक्षेप में	आई0पी0एम0 प्रयोगशालाओं में बायोपेस्टीसाइड/बायो एजेन्ट का उत्पादन, बायो पेस्टीसाइड/बायोएजेण्टस पर 75 प्रतिशत अनुदान, बीज शोधन हेतु बीज शोधक रसायनों पर 75 प्रतिशत अनुदान, लघु एवं सीमान्त कृषकों को कृषि रक्षा रसायनों पर 50 प्रतिशत अनुदान, लघु एवं सीमान्त कृषकों को कृषि रक्षा यंत्रों पर 50 प्रतिशत का अनुदान, लघु एवं सीमान्त कृषकों को अन्न सुरक्षा हेतु बखारी पर 50 प्रतिशत अनुदान, कृषकों एवं तकनीकी कर्मचारियों को आई0पी0एम0 एवं कृषि रक्षा की नई तकनीक की जानकारी हेतु प्रशिक्षण एवं तकनीकी कर्मचारियों की समीक्षा बैठक कीट/रोग के प्रकोप को सर्वेलेन्स द्वारा प्रबंधन एवं रसायनों की गुणवत्ता सुनिश्चित करना।
4	नियोजन विभाग/व्यय वित्त समिति/भारत सरकार/आर0 के0वी0वाई में एस0एल0एस0 सी0/मा0 मंत्रि परिषद द्वारा अनुमोदित कार्य योजना, परियोजना अवधि, लागत तथा बैठक एवं पत्र जिसके द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है।	शासन के पत्र संख्या: शासन के पत्र संख्या-4/2018/525/12-2-2018-बजट.1/2009 दिनांक 06 मार्च, 2018 द्वारा वर्ष 2017-18 से 2021-22 तक कार्य योजना का अनुमोदन दिया जा चुका है।
5	परिव्यय	2064.0 लाख
6	केन्द्र पोषित योजना की स्थिति में भारत सरकार	शून्य

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

	द्वारा वित्तीय वर्ष हेतु पुर्नवैद्य/ अवमुक्त केन्द्रांश भारत सरकार के पत्र की प्रति सहित।	
7	केन्द्रांश के सापेक्ष जारी की जा सकने योग्य धनराशि	शून्य
8	योजना में वित्तीय वर्ष में उपलब्ध बजट प्राविधान	2064.0 लाख
9	पूर्व में जारी वित्तीय स्वीकृतियॉ तथा व्यय की धनराशि	प्रथम छमाही हेतु रूपये 1032.00 लाख
10	चालू योजना की स्थिति में गत वर्ष जारी धनराशि तथा व्यय का विवरण	जारी धनराशि: 2006.18 लाख सम्भावित व्यय: 1265.58 लाख
11	प्रस्तावित वित्तीय स्वीकृति का मदवार विवरण	अनुदान संख्या-11 के लेखाशीर्षक 2401-फसल कृषि कर्म-107-वनस्पति संरक्षण-04-विभिन्न पारिस्थितिकीय संसाधनों द्वारा कीट/रोग नियंत्रण योजना
	मानक मद	मांगी जा रही वांछित धनराशि लाख रूपये मे
	02-मजदूरी	22.50
	04-यात्रा व्यय	7.50
	08-कार्यालय व्यय	6.00
	09-विद्युत देय	11.00
	11-लेखन सामग्री और फार्मो की छपाई	5.00
	12-कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	5.00
	13-टेलीफोन पर व्यय	3.00
	15-गाडियों का अनुरक्षण और पेट्रोल आदि की खरीद	15.00
	16-व्यवसायिक सेवाओं का भुगतान	0.50

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

	27-सब्सिडी	764.00
	29-अनुरक्षण	12.50
	42-अन्य व्यय	25.00
	43-सामग्री एवं सम्पूर्ति	125.00
	44-प्रशिक्षण हेतु यात्रा एवं अन्य प्रासंगिक व्यय	20.00
	46-कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफटवेयर का क्रय	5.00
	47-कम्प्यूटर अनुरक्षण/तत्संबंधी स्टेशनरी का क्रय	5.00
	योग:	1032.00

(रूपये दस करोड बत्तीस लाख मात्र)

(उमा कान्त पाठक)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।